भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3218

उत्तर देने की तारीख 8 अगस्त, 2023
17 श्रावण, 1945 (शक)

खेलो इंडिया कार्यक्रम

3218. श्री प्रिंस राज:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार खेलो इंडिया कार्यक्रम शुरू करके देश में खेले जाने वाले सभी खेलों के लिए एक मजबूत रूपरेखा का निर्माण करके जमींनी स्तर पर खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने और भारत को एक महान खेल राष्ट्र के रूप में स्थापित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में विशेषकर बिहार में प्रतिभा खोज और खेले जाने वाले विकास खेलों के लिए की गई पहल का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): जी हां। सरकार ने 2016-17 में खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम की शुरूआत खेलों में व्यापक जनभागीदारी और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के युग्मित उद्देश्य से की थी। यह स्कीम युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है जिसका उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करना है ताकि जनता इसके क्रॉस-कटिंग प्रभाव के माध्यम से खेलों की शक्ति का उपयोग कर सकें।

(ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण देश में प्रतिभा पहचान और खेलों के विकास सहित खेलों के संवर्धन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की होती है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों की पूर्ति करती है। तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के ''प्रतिभा पहचान और विकास'' घटक के तहत वर्तमान में कुल 2510 खिलाड़ियों को सहायता प्रदान की जा रही है जिसमें 11 खिलाड़ी बिहार राज्य से हैं। साथ ही, इस मंत्रालय के स्वायत्त निकाय भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल संवर्धन स्कीमों के तहत 7780 खिलाड़ियों को सहायता प्रदान की जा रही है जिसमें 30 खिलाड़ी बिहार राज्य से हैं।

****